NBT
नवभारत टाइम्स

# फेस्टिवल सीजन में रहे सावधान! झुंझुनूं में नकली कलाकंद का कारखाना पकड़ा, कोटा में दशहरा मेले की दुकानों पर भी पड़ा छापा




**जयपुर/कोटा/ झुंझुनूं** : त्यौहारी सीजन को देखते हुए राजस्थान सरकार लोगों के स्वास्थ्य को लेकर अलर्ट दिखाई दे रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग ने कोटा और झुंझुनूं में बड़ी कार्रवाई की। झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर राजधानी जयपुर से आई खाद्य विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। यहां टीम ने नकली कलाकंद बनाने वाला कारखाना पकड़ा है। मौके से लगभग 4 किवंटल नकली कलाकंद और इससे बनी अन्य मिष्ठान भी जब्त किए हैं। दीपावली पूर्व हुई कार्रवाई से अब लोगों और अन्य मिठाई विक्रेताओं में हडकंप मचा दिया है।

*सीएमएचओं आफिस से मात्र 200 मीटर की दूरी पर कारखाना*

छापा कार्रवाई की ख़ास बात यह रही कि जिस क्षेत्र से नकली कारखाना पकड़ा गया था। उससे मात्र 200 मीटर की दूरी पर खाद्य पदार्थों की जांच करने वाले दफ्तर सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग का आफिस संचालित हो रहा है। लेकिन जांच करने वाले विभागीय अधिकारियों को भनक तक नहीं लगी। इधर, राजधानी जयपुर से आए चिकित्सा विभाग में सयुंक्त निदेशक डॉ. एसएन धौलपुरिया ने स्थानीय खाद्य सुरक्षा दस्ते के साथ झुंझुनूं शहर के मुख्य क्षेत्र मंडावा सर्किल पर एक मिठाई की दुकान पर छापा मारा। तब मामले का भंडाफोड हुआ। यहां चार घंटे तक चली छापेमार कार्रवाई में कुल 390 किलो नकली कलाकंद बरामद किया गया है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/rajasthan/jaipur/rajasthan-food-safety-department-raid-fake-kalakand-factory-caught-in-jhunjhunu/articleshow/114053680.cms